प्रेस नोट थाना खोराबार जनपद गोरखपुर दिनांक 27.08.2024

हत्या का अपराध कारित करने के आरोप में 02 नफर अभियुक्त गिरफ्तार

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जनपद गोरखपुर द्वारा अपराधों पर अंकुश लगाने एवं अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में, पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन में व स0पु0अ0/क्षेत्राधिकारी कैण्ट के पर्यवेक्षण में व थानाध्यक्ष खोराबार मय पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 495/2024 धारा 191(2), 191(3), 190, 115(2), 352, 351(3), 103 भा0न्या0सं0 से संबंधित अभियुक्तगण 1. कृष्णा साहनी उर्फ किशन पुत्र रामाशीष निवासी ग्राम जोधपुर सुकई भौवापार बाजार थाना चौरीचौरा जनपद गोरखपुर व 2. करन साहनी पुत्र उमेश साहनी निवासी ग्राम विशुनपुर बुजुर्ग पो0 लालपुर टीकर थाना खोराबार जनपद गोरखपुर को गिरफ्तार किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

घटना का संक्षिप्त विवरण-

वादी मुकदमा द्वारा थाना स्थानीय पर सूचना दिया गया कि वादी मुकदमा के छोटे भाई नकुल को दिनांक 25.08.24 को शाम के समय 07.30 बजे अविनाश सिंह उर्फ मटेलू उपरोक्त चाय पीने के बहाने घर के बाहर ले गये तथा घर से थोड़ी दूर पहुंचने पर सड़क के पास चाय की दुकान के सामने पूर्व से ही अविनाश सिंह के अन्य साथी पहले से मौजूद थें उपरोक्त सभी लोग नकुल को गाली गुफ्ता देते हुये जमीन पर पटक कर मारने-पीटने लगे तथा मौके पर किशन साहनी ने चाकू निकाल कर नकुल के पेट में चाकू मार दिया। शोर सुनकर वादी मुकदमा व अन्य लोग मौके पर पहुँचे तो सभी अभियुक्तगण नकुल को गाली गुफ्ता व जान मारने की धमकी देते हुए उसके पेट में ही चाकू लगा छोड़कर मौके से भाग गये। चाकू के हमले से मौके पर ही नकुल उपरोक्त की मृत्यु हो गयी। घटना के संबंध में प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना स्थानीय पर मुकदमा उपरोक्त पंजीकृत किया गया।

गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पता-

1. कृष्णा साहनी उर्फ किशन पुत्र रामाशीष निवासी ग्राम जोधपुर सुकई भौवापार बाजार थाना चौरीचौरा जनपद गोरखपुर
2. करन साहनी पुत्र उमेश साहनी निवासी ग्राम विशुनपुर बुजुर्ग पो0 लालपुर टीकर थाना खोराबार जनपद गोरखपुर

गिरफ्तारी के अभियोग का विवरण-

मु0अ0सं0 495/2024 धारा 191(2), 191(3), 190, 115(2), 352, 351(3), 103 भा0न्या0सं0 थाना खोराबार जनपद गोरखपुर

गिरफ्तारी की टीम -

1. थानाध्यक्ष नितिन रघुनाथ श्रीवास्तव थाना खोराबार जनपद गोरखपुर
2. व0उ0नि0 लक्ष्मी नारायण द्विवेदी थाना खोराबार जनपद गोरखपुर
3. उ0नि0 रवि प्रकाश कुँवर थाना खोराबार जनपद गोरखपुर
4. कां0 संजय यादव थाना खोराबार जनपद गोरखपुर
5. कां0 पवन यादव थाना खोराबार जनपद गोरखपुर